जो नदियां हिमालय से, नेपाल से आती हैं, क्या उनके पानी का उपयोग करने के लिए कोई व्यापक योजना बनाई जायेगी या नहीं। ये सारी नदियां उत्तर प्रदेश और बिहार में आती हैं और गंगा में मिल जाती हैं और फिर वह पानी समुद्र में चला जाता है। हमारे देश में जितना भी पानी है, उसका उपयोग करने की योजना बना कर उसका उपयोग करने का प्रयत्न किया जाता है। उसके लिए जो भी योजना बनाई जा सकती है, वह बनाने का निश्चित रूप से सरकार का प्रयास रहेगा। मुश्किल यह है कि जो पानी आता है, उसका बंटवारा किस प्रकार हो, यह देखना जरूरी है। श्री झा ने कहा है कि पीलीटिक्ल लेवल पर यह सवाल हल करना पड़ेगा। पोलीटिक्ल लेवल पर भी यह सवाल हल करने की कोशिश की जा रही है। जब यह पता चल जायेगा कि कितना पानी लिया जा सकता है और कितना पानी इस्तेमाल में लिया जा सकता है, तब इस बारे में जो भी योजना बनाना मुनासिब होगा, वह बनाई जा सकता है।

श्री शैलानी ने पूछा है कि 1983 में सेक्रेटरीज़ की मीटिंग होगी, उसके बाद मिनिस्टर्ज की मीटिंग कब होने जा रही है और उसमें क्या होने जा रहा है। हमारी तरफ़ से तो पूरी तैयारी है। जब उनके मिनिस्टर और हमारे मिनिस्टर की मीटिंग होगी, तो इस सवाल को हल करने की कोशिश करेंगे। लेकिन इस ससय इस बारे में कोई तारीख़ देना सम्भव नहीं है।

प्रो. अजित कुमार मेहता : क्या यह सर्वेक्षण किया गया है कि कितना पानी उपलब्ध होगा ?

श्री शिवराज वी. पाटिल : जब तक दोनों देश मिल कर बात-चीत के द्वारा यह फैसला न कर लें कि उनका कितना पानी है और हमारा कितना पानी है, तब तक यह कहना मुश्किल है कि कितना पानी मिलेगा।

21.24 hrs.

FORMATION OF A COMMITTEE OF MEMBERS OF PARLIAMENT TO BRING ABOUT RECONCILIATION BETWEEN NIRANKARIS AND AKALIS

अध्यक्ष महोदय : आनरेबल मेम्बर्ज, मैंने उस दिन निरंकारियों से अपील की थी कि वे न जाए और कहा था कि पार्लियामेंट के मेम्बरों की कमेटी बनाएंगे, जो बीच-बचाव करे और मतभेदों को आपसी तरीके से हल कर के हमेशा के लिए इस मुश्किल को हल कर दे।

मैं पार्लियामेंट की तरफ से कमेटी एनाउंस करता हूं :-

मेजर-जेनरल आर. एस. स्पैरो
कामरेड इन्द्रजीत गुप्त
श्री चन्द्रजीत यादव
श्री जी. एल. डोगरा
श्री रतनसिंह राजदा
श्री सतीश अग्रवाल
श्री इब्राहीम सुलेमान सेट
श्री एस. पी. मित्तल
श्रीमती मार्ग्रेट आलवा

Now, the House stands adjourned *sine die*.

21.25 hrs.

The Lok Sabha then adjourned sine die.